हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, बुधवार 1 जुलाई 2026

14 सिरसा में एक परिवार करता रहा राज, सिर्फ अपना विकास किया...



14 टोहाना रोड पर अवैध कॉलोनी पर चला बुलडोजर, तीन पर केस दर्ज



## खबर संक्षेप

### जानलेवा हमला करने के तीन आरोपी पकड़े

**फतेहाबाद।** एक युवक पर जानलेवा हमला करने के मामले में मुस्तैदी दिखाते हुए थाना शहर रतिया पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में नामजद एक अन्य आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। थाना शहर रतिया प्रभारी उपनिरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि 26 जून को गांव नंगल निवासी सुरजीत सिंह उर्फ सोनू ने अस्पताल में बयान दर्ज कराए थे। पीड़ित के अनुसार, वह बस स्टैंड रतिया से सरकारी अस्पताल की ओर जा रहा था, तभी पुरानी रंजिश के चलते आरोपियों ने अस्पताल के पास उसका रास्ता रोक लिया।

### भाविप के सेवा पखवाड़ा के तहत रक्तदान शिविर 5 को

**रतिया।** भारत विकास परिषद शाखा रतिया एवं मां की रसोई सेवा ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत 5 जुलाई रविवार को मां की रसोई कम्युनिटी सेंटर, रतिया में प्रातः 9 बजे से विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। शाखा अध्यक्ष राज सिंगला ने बताया कि परिषद के संस्थापक डॉ. सूरज प्रकाश की जयंती से स्थापना दिवस तक पूरे देश में सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी क्रम में रतिया शाखा द्वारा विभिन्न जनसेवा गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है, जिनमें रक्तदान शिविर प्रमुख है।

### राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर स्वच्छता अभियान आज

**सिरसा।** श्रीमत सिटी सेंटर व अमारा ग्रीन द्वारा आईएमए सिरसा के सहयोग से कल एक जुलाई को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के उपलक्ष्य में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। स्वच्छता अभियान सांगवान चौक स्थित गोल्ड जिम से शुरू होगा, जिसमें शहर के चिकित्सक व दोनों संस्थानों से जुड़े लोग हिस्सा लेंगे। वर्णनीय है कि श्रीमत सिटी सेंटर द्वारा सामाजिक दायित्वों की निर्वहन की कड़ी में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है, ताकि आमजन को लाभ हों। संस्थान द्वारा हाल ही में योगा शिविर, भंगड़ा वर्कशॉप का भी आयोजन किया गया।

### पुलिस ने हेरोइन सहित युवक को दबोचा

**सिरसा।** पुलिस ने बाइक सवार युवक को हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। बडागुढ़ा थाना प्रभारी ने बताया कि थाना की पुलिस टीम गश्त एवं चेकिंग के दौरान गांव पन्नीवाला से रघुआना की ओर जा रही थी। जब पुलिस नहर पुल रघुआना के पास पहुंची तो सामने से आ रहे एक बाइक सवार युवक ने पुलिस की गाड़ी देखकर अचानक बाइक मोडक़र भागने का प्रयास किया। पुलिस ने शक के आधार पर काबू कर राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में नियमानुसार तलाशी ली तो युवक के कब्जे से 6 ग्राम 240 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई।

### जिले में यूरिया की मांग 64 हजार एमटी, जबकि 55 हजार एमटी की आपूर्ति

# धान सीजन को लेकर यूरिया-डीएपी स्टॉक करने को लेकर किसानों में होड़

सुरेन्द्र असीजा ⏭ फतेहाबाद

धान सीजन शुरू होते ही जिले में खाद की मांग बढऩे लगी है। किसानों ने आगामी जरूरत को देखते हुए समय से पहले ही खाद की खरीद शुरू कर दी है। कृषि विभाग और सहकारी समितियों ने भी खाद की उपलब्धता बनाए रखने के लिए तैयारियां तेज कर दी हैं। विभाग का दावा है कि जिले में किसानों को खाद की कमी नहीं आने दी जाएगी और जरूरत के अनुसार लगातार आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। 15 जून से धान की बिजाई शुरू होने के साथ ही यूरिया की मांग में तेजी आई है। कृषि विभाग के अनुसार इस सीजन में जिले में यूरिया की कुल मांग 64 हजार मीट्रिक टन आंकी गई है, जबकि अब तक 55 हजार मीट्रिक टन यूरिया की आपूर्ति हो चुकी है। धान की फसल में यूरिया का सर्वाधिक उपयोग होने के कारण किसान पहले से ही इसका भंडारण करने में जुटे हुए हैं। विभाग को उम्मीद है कि अगले सप्ताह नए रैक पहुंचने के बाद उपलब्धता और मजबूत होगी। दरअसल अभी धान का सीजन शुरू हुआ है और किसानों ने अभी से ही यूरिया के लिए मारामारी शुरू कर दी है। सही मायनों में किसान को जुलाई में यूरिया की आवश्यकता होगी। बता दें कि दो दिन पूर्व यहां जिले के इफको सैंटर में 3 हजार एमटी यूरिया आई थी।





**फतेहाबाद।** खाद के इफको बिक्री केन्द्र पर उमड़ी किसानों की भीड़।

#### जरूरत के अनुसार उपलब्धता की जा रही

जिले में किसानों की जरूरत के अनुसार यूरिया और अन्य खाद की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। अगले सप्ताह तक यूरिया के नए रैक पहुंचने की संभावना है, जिससे आपूर्ति व्यवस्था और मजबूत होगी। किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी। -राजेश सिहाग, उप निदेशक, कृषि विभाग, फतेहाबाद

#### जिले में खाद की स्थिति

| खाद | मांग | प्राप्ति |
|---|---|---|
| यूरिया | 64,000 एमटी | 55,000 एमटी |
| डीएपी | 18,500 एमटी, | 6,600 एमटी |
| एनपीके | 1,500 एमटी | 2,250 एमटी |
| एसएसपी | 3,000 एमटी | 6,700 एमटी |
| एमओपी | 4,700 एमटी | 2,700 एमटी |

#### डीएपी की उपलब्धता मांग से काफी पीछे

जिले में डीएपी की मांग 18 हजार 500 मीट्रिक टन है, लेकिन इसके मुकाबले अब तक केवल 6 हजार 600 मीट्रिक टन खाद ही प्राप्त हुई है। हालांकि अभी धान की फसल में डीएपी की खपत सीमित रहती है, लेकिन आगामी गेहूं सीजन में इसकी मांग बढऩे की संभावना को देखते हुए विभाग लगातार अतिरिक्त आपूर्ति के प्रयास कर रहा है। वहीं एनपीके खाद की स्थिति संतोषजनक बनी हुई है। इसकी मांग 1,500 मीट्रिक टन के मुकाबले 2,250 मीट्रिक टन की आपूर्ति हो चुकी है। इसी प्रकार एसएसपी खाद की मांग 3 हजार मीट्रिक टन के मुकाबले 6 हजार 700 मीट्रिक टन खाद प्राप्त हुई है, जिससे इस श्रेणी में पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है।

#### जुलाई में सबसे ज्यादा बढ़ती है यूरिया की खपत

कृषि विशेषज्ञों के अनुसार धान की रोपाई के बाद जुलाई महीने में यूरिया की खपत अपने चरम पर पहुंच जाती है। इस दौरान किसानों को टॉप ड्रेसिंग के लिए अधिक मात्रा में खाद की आवश्यकता होती है। इसी कारण किसान पहले से ही खाद खरीदकर सुरक्षित रखना पसंद कर रहे हैं।

#### कालाबाजारी रोकने के लिए बढ़ाई निगरानी

खाद की कृत्रिम कमी और कालाबाजारी को रोकने के लिए कृषि विभाग ने निगरानी बढ़ा दी है। अधिकारियों को अधिकृत बिक्री केंद्रों पर नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। किसानों से भी अपील की गई है कि वे केवल लाइसेंसधारी विक्रेताओं से ही खाद खरीदें तथा आवश्यकता से अधिक भंडारण न करें।

#### अंतरराष्ट्रीय हालात से बढ़े डीएपी के दाम

खाड़ी देशों में जारी तनाव का असर उर्वरक बाजार पर भी दिखाई देने लगा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में डीएपी की कीमतों में 30 से 35 प्रतिशत तक वृद्धि दर्ज की गई है। पहले जो डीएपी का कट्टा करीब 1,900 रुपए में उपलब्ध था, उसका मूल्य अब बढ़कर करीब 2,400 रुपये तक पहुंच गया है।



**भूना।** नायक धर्मशाला में प्रभावित लोगों से बातचीत करते पूर्व विधायक दुड़ाराम।

### भूना में 300 से ज्यादा मकान-दुकानों पर संकट

# निशानदेही के बाद प्रभावित परिवार कानूनी विकल्प तलाशने में जुटे

- मकान और दुकानों को बचाने के लिए की जा रही बैठकें

हरिभूमि न्यूज ⏭ भूना

शहर के वार्ड नंबर 10, 11 और 12 में स्थित जोहड़ की जमीन की राजस्व विभाग द्वारा कराई गई निशानदेही के बाद भूना में अतिक्रमण का बड़ा मामला सामने आया है। प्रारंभिक पैमाइश में खसरा नंबर 853 की भूमि पर बने 300 से अधिक मकान, दुकानें, शोरूम और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठान अतिक्रमण की जद में पाए गए हैं। इससे सैकड़ों परिवारों में अपने आशियाने और कारोबार को लेकर चिंता बढ़ गई है। मामले की गंभीरता इसलिए भी बढ़ गई है क्योंकि वार्ड नंबर 7, 8 और 9 में स्थित तीन अन्य तालाबों की निशानदेही अभी बाकी है। ऐसे में शहर में यह चर्चा तेज हो गई है कि आगे और भी बड़ी संख्या में निर्माण अतिक्रमण की जद में आ सकते हैं। संभावित प्रशासनिक कार्रवाई की आशंका के बीच पिछले चार दिनों से प्रभावित परिवार लगातार बैठकें कर रहे हैं। लोग अपने मकान और दुकानों को बचाने के लिए कानूनी विकल्प तलाश रहे हैं और दस्तावेज जुटाने में लगे हैं।

#### पूर्व विधायक ने दिलाया भरोसा

मंगलवार को पूर्व विधायक दूड़ा राम नायक धर्मशाला में पहुंचे और प्रभावित परिवारों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि वर्षों से वहां रह रहे गरीब परिवारों के हितों की रक्षा के लिए वे अधिकारियों से लेकर मुख्यमंत्री तक मामला उठाएंगे। उन्होंने लोगों से अपील की कि जिनके पास जमीन या निर्माण से जुड़े वैध दस्तावेज हैं, वे उपलब्ध कराएं ताकि कानूनी रूप से उनका पक्ष मजबूती से रखा जा सके। दूड़ा राम ने कहा कि संबंधित भूमि पर जलघर, धर्मशाला सहित सार्वजनिक उपयोग के कई निर्माण भी हैं। इन तथ्यों को भी प्रशासन के समक्ष रखा जाएगा ताकि निर्णय लेते समय सभी पहलुओं पर विचार हो सके। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे प्रभावित लोगों के साथ खड़े रहेंगे और समाधान के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे।

# पालिका का यू-टर्नः जिस इंसिनरेटर के लिए डीएमसी को लिखा था, उसी प्रस्ताव को हाउस ने किया खारिज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भूना

नगर पालिका की हाउस मीटिंग में मृत पशुओं के वैज्ञानिक एवं सुरक्षित निपटान के लिए आधुनिक भट्टी (इंसिनरेटर) लगाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से खारिज कर दिया गया। खास बात यह रही कि जिस व्यवस्था की मांग कुछ समय पहले नगर पालिका चेयरपर्सन और पार्षदों की ओर से जिला नगर आयुक्त (डीएमसी) को लिखित रूप में भेजे गए प्रस्ताव के माध्यम से की गई थी, उसी प्रस्ताव से अब हाउस पीछे हट गया। मंगलवार को आयोजित बैठक में हड्डा रोड़ी, पशु दाह-संस्कार स्थल अथवा इंसिनरेटर स्थापित करने से संबंधित प्रक्रिया को सरल संपत्ति पोर्टल से निरस्त करने पर भी सहमति बनी।



**भूना।** नगर पालिका हाउस की बैठक में मनोनीत पार्षद पूनम सिंगला को समाज की प्रदेशाध्यक्ष बनने पर मिठाई खिलाकर बधाई देते चेयरपर्सन अर्पणा पसरीजा, पार्षद रोहताश गोयल व अन्य। फोटो: हरिभूमि

#### फिर सवाल हुए खड़े

विवाद के बीच नगर पालिका चेयरपर्सन अर्पणा पंकज पसरीजा ने पहले डीएमसी को पत्र लिखकर मृत पशुओं के वैज्ञानिक निपटान के लिए इंसिनरेटर लगाने का प्रस्ताव भेजा था। पत्र में तर्क दिया गया था कि आधुनिक भट्टी से पशुओं का निपटान होने पर पर्यावरण प्रदूषण, दुर्गंध और स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों में कमी आएगी। अब उसी प्रस्ताव को नगर पालिका हाउस द्वारा सर्वसम्मति से खारिज कर दिए जाने के बाद मृत पशुओं के निपटान की भविष्य की व्यवस्था पर फिर सवाल खड़े हो गए हैं।

# अंतरराज्यीय बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़

- दो आरोपी पकड़े , नौ बाइकें की बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

पुलिस ने अंतरराज्यीय मोटरसाइकिल चोर गिरोह का पर्दाफाश दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की नौ मोटरसाइकिल बरामद किए हैं। पूछताछ में आरोपियों ने दस बाइक चोरी की वारदातें कबूल की हैं। डीएसपी सुखबीर सिंह ने मंगलवार को बताया कि आरोपियों की पहचान राजस्थान के हनुमानगढ़ निवासी सुखचैन व संदीप सिंह के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई शहर के मेला ग्राउंड निवासी गुनी राम की शिकायत के आधार पर की गई। शिकायतकर्ता ने बताया दस जुलाई को उसका मोटरसाइकिल नेहरू पार्क, सिरसा से चोरी हो गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ को सौंपी। जांच के दौरान पुलिस ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर दोनों आरोपियों को दबोच लिया।



**सिरसा।** पकड़े गए बाइक चोर गिरोह के सदस्य। फोटो: हरिभूमि

# 20 अमृत सरोवरों का लोकार्पण आज

- जिला स्तरीय कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में करेंगे शिरकत

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

हरियाणा सरकार द्वारा 1 जुलाई को प्रदेशभर में विकसित 325 अमृत सरोवरों के राज्य स्तरीय लोकार्पण कार्यक्रम का अंबाला में आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का जिला स्तर पर भी सीधा प्रसारण किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 10 बजे जिला मुख्यालयों पर आयोजित होगा, जबकि मुख्यमंत्री अंबाला के नारायणगढ़ से राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। जिला परिषद सीईओ सुरेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि फतेहाबाद जिले में 17.46 करोड़ रुपये की लागत से विकसित 20 अमृत सरोवरों का भी इसी अवसर पर लोकार्पण किया जाएगा। जिला मुख्यालय पर डीपीआरसी हॉल में आयोजित कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रुप में रतिया के विधायक जरनैल सिंह, पूर्व मंत्री देवेंद्र सिंह बबली, पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल, पूर्व विधायक दुड़ाराम, पूर्व विधायक लक्ष्मण नापा, जिला परिषद चेयरमैन सुमन खिचड़, एचएसएफडीसी चेयरमैन बलदेव ग्रोहा, जिला भाजपा अध्यक्ष प्रवीण जोड़ा एवं सभी ब्लॉक समिति चेयरमैन की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। जिला प्रशासन द्वारा कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

#### इन 20 गांवों का होगा लोकार्पण

ब्लॉक भट्टू कलां के गांव बनावाली, ढाबी खुर्द, ब्लॉक भूना के गांव डूल्ट में दो सरोवर, नौढोड़ी में दो सरोवर, ब्लॉक फतेहाबाद के गांव बीघड़, झलनिया, ब्लॉक जाखल के गांव साधनवास, ब्लॉक नागपुर के गांव मढ़, जांडवाला सोतर, ब्लॉक रतिया के गांव रत्नगढ़, ब्लॉक टोहाना के गांव चिल्लेवाला, चितैन, डांगरा, हैदरवाला, कन्हड़ी, कुलां, समैन व सनियाना का लोकार्पण होगा।

# बिजली की आंख मिचौली से जनता परेशान

- चत्तरगढ़पट्टी क्षेत्र में दस घंटे बाद बहाल हुई बिजली आपूर्ति, दो घंटे बाद फिर गुल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

भीषण गर्मी के बीच बिजली की आंख मिचौली का खेल जारी है। निगम के स्थानीय अधिकारी बिजली की लो वोल्टेज के लिए ग्रिड सप्लाई को जिम्मेवार बताकर अपना पल्ला झाड़ रहे है। लेकिन एक ही कालोनी के आधे हिस्से में बिजली और आधे में न होने को लेकर कोई जवाब नहीं है। चत्तरगढ़पट्टी में सोमवार रात्रि करीब 12:30 बजे बिजली गुल हुई, जोकि मंगलवार सुबह 11 बजे बहाल हुई। इसके बाद दोपहर एक बजे फिर गुल हो गई और दो घंटे बाद तीन बजे फिर लौटी। अचरज की बात यह है कि चत्तरगढ़पट्टी के आधे एरिया में पूरी लाइट रही, बल्कि गलियां भी स्ट्रीट लाईट से रोशन रहीं। रातभर बिजली न आने की वजह से लोगों ने गली में जागकर रात बिताई। एक तरफ रातभर लोग सो नहीं पाए, दूसरी तरफ पानी भी नहीं भर पाए। जिस समय वॉटर वर्क्स से जलापूर्ति छोड़ी गई, तब आधे इलाके में बिजली ही नहीं थी, जिसके कारण लोगों के समक्ष पेयजल संकट पैदा हो गया। बिजली-पानी की वजह से लोगों की दिनचर्या ही गड़बड़ा गई।

#### चरमराई बिजली व्यवस्थाः राजुकमार

प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि राजकुमार शर्मा ने कहा कि भीषण गर्मी के इस दौर में अघोषित बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या ने आमजन का जीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। दिन हो या रात, बार-बार बिजली गुल होने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लो वोल्टेज के कारण घरों में लगे एसी, कूलर, फ्रिज, मोटर और अन्य विद्युत उपकरण खराब हो रहे हैं, जिससे आम परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। बिजली निगम के अधिकारी जनता की समस्याओं के समाधान के बजाय जवाबदेही से बच रहे हैं। शिकायत करने पर अधिकारी फोन तक नहीं उठाते और बिजली शिकायत केंद्र भी केवल नाममात्र का बनकर रह गया है। बार-बार कॉल करने के बावजूद शिकायतें दर्ज नहीं की जातीं और न ही समय पर समाधान होता है। इससे जनता में रोष व्याप्त है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता कहा कि हर वर्ष बिजली निगम करोड़ों रुपये मेंटेनेंस पर खर्च करने का दावा करता है, लेकिन जमीनी हकीकत इन दावों की पोल खोल रही है।

#### सुविधा केंद्र के कर्मचारी फोन तक नहीं उठाते

विद्युत निगम द्वारा उपभोक्ताओं की सेवार्थ बिजली सुविधा केंद्र स्थापित किया गया है। यहां ठेके पर कर्मचारियों की फौज तैनात की गई है। उपभोक्ताओं की शिकायत सुनने और उन्हें दर्ज करने की जिम्मेवारी है। निगम द्वारा बिजली सुविधा केंद्र के मोबाइल व लैंडलाइन नंबर सार्वजनिक किए गए हैं। बिजली गुल होने पर उपभोक्ताओं द्वारा बीएसके के नंबर डॉयल किए जाते है, लेकिन यहां कार्यरत कर्मचारी फोन ही नहीं उठाते।

### प्रदेशभर में इस बार 2.33 लाख से अधिक अभ्यर्थी 383 केंद्रों पर देंगे परीक्षा

*प्रत्येक केंद्र पर बोर्ड और जिला प्रशासन की ओर से अलग-अलग अधिकारियों की होगी तैनाती*

# 4-5 जुलाई को एचटेट : फतेहाबाद में 15 केंद्रों पर 8680 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा (एचटेट)-2025 के लिए फतेहाबाद जिले में 4 और 5 जुलाई को 15 परीक्षा केंद्रों पर 8680 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। जिले में सबसे अधिक 4535 अभ्यर्थी लेवल-2 (टीजीटी) की परीक्षा में शामिल होंगे, जबकि लेवल-3 (पीजीटी) में 2754 और लेवल-1 (पीआरटी) में 1391 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। प्रदेशभर में इस बार 2.33 लाख से अधिक अभ्यर्थी 383 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा देंगे। परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार 4 जुलाई को सायंकालीन सत्र में लेवल-3 की परीक्षा होगी। 5 जुलाई को सुबह लेवल-2 और शाम को लेवल-1 की परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा को नकलमुक्त और पारदर्शी बनाने के लिए प्रत्येक केंद्र पर बोर्ड और जिला प्रशासन की ओर से अलग-अलग अधिकारियों की तैनाती की गई है।



**फतेहाबाद।** हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीसी डॉ. विवेक भारती। फोटो: हरिभूमि

#### दिव्यांगों को मिलेगा 50 मिनट का अतिरिक्त समय

परीक्षा के दौरान नेत्रहीन एवं दिव्यांग अभ्यर्थियों को प्रति घंटे 20 मिनट के हिसाब से कुल 50 मिनट अतिरिक्त समय मिलेगा। परीक्षा केंद्रों में बिना फोटोयुक्त पहचान पत्र किसी भी अधिकारी, कर्मचारी या आउटसोर्स स्टाफ को प्रवेश नहीं मिलेगा। जिला मजिस्ट्रेट ने परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष कराने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस)-2023 की धारा 163 लागू कर दी है। इसके तहत परीक्षा केंद्रों के 500 मीटर के दायरे में हथियार, लाउडस्पीकर, फोटोस्टेट की दुकानें और अनधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा। वहीं 200 मीटर के दायरे में वाहन पार्किंग, भीड़ एकत्र करने तथा वाई-फाई और ब्लूटूथ जैसे संचार उपकरणों के उपयोग पर भी रोक रहेगी।

# सिरसा में 14,238 परीक्षार्थी देंगे पेपर

- मंगलसूत्र व बिंदी के साथ भी प्रवेश की रहेगी अनुमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा 4 व 5 जुलाई 2026 को आयोजित होने वाली हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा (एचटेट) के पारदर्शी, शांतिपूर्ण एवं नकल रहित संचालन को लेकर मंगलवार को स्थानीय पंचायत भवन में तहसीलदार प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में डयूटी मजिस्ट्रेट, मुख्य केंद्र अधीक्षक व केंद्र अधीक्षक की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में परीक्षा संचालन की पूरी प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी गई। अधिकारियों को परीक्षा के दौरान बोर्ड की हिदायतों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने, प्रश्न-पत्रों के वितरण, परीक्षार्थियों की पहचान, प्रवेश व्यवस्था, मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने तथा परीक्षा समाप्ति के बाद ओएमआर शीट्स के सुरक्षित संग्रहण एवं प्रेषण संबंधी दिशा-निर्देश दिए।



**सिरसा।** एचटेट को लेकर अधिकारियों की बैठक लेते तहसीलदार प्रदीप कुमार।

#### जिले में 24 केंद्र किए स्थापित

जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष फूटेला ने बताया कि जिले में परीक्षा के लिए 24 केंद्र स्थापित किए गए हैं। लेवल-3 की परीक्षा के लिए 13 परीक्षा केंद्रों पर 3910 परीक्षार्थी, लेवल-2 की परीक्षा के लिए 24 परीक्षा केंद्रों पर 7463 परीक्षार्थी तथा लेवल-1 की परीक्षा के लिए 9 परीक्षा केंद्रों पर 2865 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। इस प्रकार जिले में कुल 14,238 परीक्षार्थी एचटेट परीक्षा में शामिल होंगे। जिला स्तर पर एक कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है। उन्होंने बताया कि विवाहित महिला अभ्यर्थियों को पूरी जांच के बाद मंगलसूत्र, बिंदी के साथ प्रवेश की अनुमति रहेगी।



## इक्का का ट्रेलर रिलीज, सनी की दहाड़ से गूंजा कोर्ट रूम, अक्षय ने उड़ाए होश

**मुंबई।** फाइनली सनी देओल और अक्षय खन्ना की मच अवेटेड फिल्म 'इक्का' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म में जबरदस्त सस्पेंस और ट्विस्ट होंगे, जिनकी झलक ट्रेलर में देखने को मिली है। अक्षय खन्ना का लुक और अंदाज एकदम 'धुरंधर' के रहमान डकैत की याद दिला रहा है, पर उनके किरदार में कई लेयर्स हैं। 'इक्का' से सनी देओल ओटीटी पर डेब्यू कर रहे हैं और इसमें वकील अर्जुन मेहरा का किरदार निभा रहे हैं। फिल्म 'इक्का' के ट्रेलर की शुरुआत कोर्ट रूम सीन से होती है, जहां सनी देओल पूछते हैं- आप कोर्ट को बताएंगे कि उस रात क्या हुआ था? फिर अक्षय खन्ना की एंट्री होती है, जो मशहूर इंडस्ट्रियलिस्ट हर्षवर्धन गौर के बेटे शौर्यमान के किरदार में हैं। उन पर एक लड़की की हत्या की कोशिश का आरोप लगता है।

लाइफ Style

# निहारिका

## प्रियंका समेत कई सेलेब्स संग आईं नजर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेता राघव जुयाल ने निहारिका एनएम के साथ कुछ रोमांटिक तस्वीरें साझा कीं, इसके बाद से ही इनके लिंकअप की अफवाहें उड़ने लगीं। लेकिन, अब इन अफवाहों पर विराम भी लग चुका है। दोनों के बीच कोई अफेयर नहीं है।

यह एक फिल्म 'भाई तेरा स्टार है'में साथ नजर आएंगे। इसके लिए ही रोमांटिक तस्वीरों को साझा किया था। लेकिन, इस चर्चा के बीच फैंस जानना चाहते हैं कि निहारिका एनएम कौन हैं? निहारिका एनएम एक कंटेंट क्रिएटर हैं। इंस्टाग्राम पर उनके लगभग 3 मिलियन से अधिक फॉलोअर्स हैं। वहीं, बाकी प्लेटफॉर्म भी इतने ही लोग उन्हें फॉलो करते हैं। वह सोशल मीडिया पर फिल्मी और फनी किस्म के वीडियो बनाती हैं। अपनी जबरदस्त सोशल मीडिया फॉलोइंग की वजह से वह बॉलीवुड स्टार्स के साथ भी नजर आ चुकी हैं। आमिर खान, प्रियंका चोपड़ा, रणबीर कपूर, महेश बाबू, यश, शुभमन गिल जैसे कई सेलेब्स उनके साथ वीडियो में नजर आ चुके हैं, अपनी फिल्मों का प्रचार कर चुके हैं। साथ ही वह हॉलीवुड स्टार्स के इंटरव्यू भी कर चुकी हैं। इसमें टॉम क्रूज से लेकर जॉन लीजेंड जैसे एक्टर्स भी शामिल हैं। जल्द ही निहारिका एनएम राघव जुयाल के साथ फिल्म 'भाई तेरा स्टार है' में नजर आएंगी। लेकिन इससे पहले ही वह साउथ सिनेमा में डेब्यू कर चुकी हैं। पिछले साल एक फिल्म 'मित्र मंडली' में वह नजर आईं। इसमें उनका लीड रोल था।निहारिका ने अपने नाम कई अवॉड्र्स भी किए, जो उन्हें कंटेंट क्रिएशन के लिए मिले हैं।



हॉलीवुड मसाला



## एवरेस्ट विजेता नोर्गे पर बनेगी फिल्म

**लॉस एंजिल्स।** माउंट एवरेस्ट पर पहली बार फतह हासिल करने वाले महान पर्वतारोही तेनजिंग नोर्गे की जिंदगी पर एक फिल्म बनने जा रही है, जिसका नाम 'तेनजिंग' होगा। इस बायोपिक ड्रामा फिल्म में टॉम हिडलस्टन और गेंडन फुंट्सोक मुख्य भूमिका निभाएंगे। इस फिल्म को को एप्पल टीवी द्वारा तैयार किया जा रहा है। इस फिल्म का निर्देशन ऑस्ट्रेलियाई फिल्म निर्माता जेनिफर पीडम करेंगे। फिल्म का लेखक ल्यूक डेविस करेंगे। यह फिल्म 29 मई 1953 की उस ऐतिहासिक घटना पर आधारित है, जब शेरपा तेनजिंग नोर्गे और न्यूजीलैंड के एडमंड हिलेरी ने पहली बार माउंट एवरेस्ट की चोटी पर कदम रखा था।



## यौन उत्पीड़न के आरोपों से बरी हुए ओ योंग-सु

**लॉस एंजिल्स।** वेब सीरीज 'स्क्विड गेम' में ओल्ड मैन और प्लेयर नंबर 001 का किरदार निभाने वाले अभिनेता ओ योंग-सु पर साल 2022 में यौन उत्पीड़न के आरोप लगे थे। इस मामले पर दक्षिण कोरिया की सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में अपना फैसला सुनाया है। कोर्ट ने अभिनेता पर चल रहे मुकदमे का तीन साल बाद अंत कर दिया गया। कोर्ट ने निचली अदालत में ओ योंग-सु को बरी करने के फैसले को सही ठहराया है। 82 वर्षीय एक्टर पर 2017 में एक महिला द्वारा यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। महिला की शिकायत के अनुसार एक्टर ओ योंग-सु ने एक रीजनल थिएटर टूर के दौरान बिना उनकी इजाजत लिए उन्हें गले लगाया। महिला का कहना था कि एक्टर यहीं नहीं रुके और उन्होंने महिला के गाल पर किस भी किया था।



## फिल्म रिफ्यूजी की मनाई 26वीं सालगिरह

**मुंबई।** करीना कपूर ने मंगलवार को अपनी पहली फिल्म 'रिफ्यूजी' के 26 साल पूरे होना का जश्न मनाया। इस खुशी में करीना ने सोशल मीडिया पर अपने सह-कलाकार अभिषेक बच्चन के साथ कई तस्वीरें भी साझा की हैं। पुरानी यादों को ताजा करते हुए करीना ने फिल्म 'रिफ्यूजी' से जुड़ी तीन तस्वीरें इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर की हैं। पहली तस्वीर में वह अपने हीरो अभिषेक बच्चन के साथ गले मिलती नजर आ रही हैं। दूसरी तस्वीर में उनका एक क्लोज-अप शॉट है, जिसमें उन्होंने भूरे रंग की शॉल ओढ़ी हुई है। इसके अलावा तीसरी तस्वीर में करीना एक काले रंग के बुर्के में नजर आ रही हैं। करीना ने इन तस्वीरों के साथ कोई लंबा मैसेज नहीं लिखा, बल्कि सिर्फ एक लाल दिल वाला इमोजी बनाकर अपना प्यार जताया है। फिल्म 'रिफ्यूजी' 30 जून 2000 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।



## एलवीसी63 में कई तरह के लुक्स में दिखेंगे

**मुंबई।** फिल्म 'एसवीसी63' में मशहूर मेकअप और प्रोस्थेटिक डिजाइनर प्रीतिशील सिंह को सलमान खान के लिए एक खास लुक तैयार करने के लिए चुना गया है। यह फिल्म वामसी पैदिपल्ली के निर्देशन और दिल राजू के प्रोडक्शन में बन रही है। दिल राजू ने बताया कि सलमान फिल्म की शूटिंग का भरपूर आनंद ले रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि फिल्म में सुपरस्टार कई तरह के लुक्स में नजर आएंगे। उन्होंने कहा, 'सलमान सेट पर खूब मजा कर रहे हैं, उनके कई अलग-अलग लुक्स होंगे। फिल्म में भरपूर हीरोइज्म और 'वाउ फैक्टर' होगा।' 'धुरंधर' फिल्म के एक्शन स्टार इस फिल्म में भी काम कर रहे हैं। कोरियन एक्शन टीम को 'मिस्टर ओह' के नाम से मशहूर सी यंग ओह लीड कर रहे हैं। उन्होंने 'धुरंधर' और 'किल एंड वॉर' जैसी फिल्मों पर काम किया है।

टीवी मसाला



## अब होगा हिसाब सीजन 2 का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** 'अब होगा हिसाब' सीरीज की जबरदस्त सफलता के बाद मेकर्स ने अब इसका दूसरा सीजन अनाउंस कर दिया है। साथ ही दूसरे सीजन का ट्रेलर भी रिलीज कर दिया है। 18 जून को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन एमएक्स प्लेयर पर रिलीज हुई 'अब होगा हिसाब' ने दर्शकों के बीच अपनी दमदार कहानी और बेहतरीन परफॉर्मेंस के कारण खास जगह बनाई। दर्शकों के जबरदस्त प्यार को देखते हुए अब इस सीरीज के दूसरा सीजन का ऐलान कर दिया गया है। 'अब होगा हिसाब' का दूसरा सीजन 3 जुलाई को प्रीमियर किया जाएगा। संजय कपूर और शहीर शेख के अलावा 'अब होगा हिसाब सीजन 2' में मौनी रॉय, अविनाश मिश्रा, निमृत कौर अहलूवालिया, हरमन सिंघा और आशीमा वर्धान जैसे शानदार कलाकार हैं। 'अब होगा हिसाब 2' की कहानी की गहराई, बढ़ता हुआ रोमांच और कई ऐसे चौंकाने वाले मोड़ देखने को मिलेंगे, जो दर्शकों को अपनी सीट से बांधे रखेंगे। 'अब होगा हिसाब' के दूसरे सीजन का ट्रेलर वहीं से शुरू होता है, जहां पहला सीजन खत्म हुआ था। शहीर शेख द्वारा निभाया गया बॉबी का किरदार अब सिर्फ एक ही मकसद में लगा हुआ है, अपने भाई बंटी को ढूंढना और सच्चाई सामने लाना। इसके लिए वह किसी भी हद तक जाने को तैयार है। उसकी तलाश उसे संजय कपूर द्वारा निभाए गए गोल्डी के किककी दुनिया तक ले जाती है, जो सबसे प्रभावशाली और सतर्क लोगों में से एक है। लेकिन गोल्डी तक पहुंचना इतना आसान नहीं है।

## माइकल की बायोपिक ओटीटी पर रिलीज

**मुंबई।** थिएटर में जबरदस्त कामयाबी के बाद, माइकल जैक्सन की बायोपिक 'माइकल' अब ओटीटी पर आ गई है। यह इस साल की सबसे बड़ी ग्लोबल हिट फिल्मों में से एक रही। अगर आपने यह फिल्म नहीं देखी है, तो आसानी से घर बैठकर देख सकते हैं। इस बायोपिक से आपको माइकल जैक्सन की जिंदगी को और करीब से जानने का मौका मिलेगा। 'माइकल' को आप ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं। यह इस ओटीटी प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम होना शुरू हो गई है। इंग्लिश के अलावा हिंदी में भी देख सकते हैं।



इस फिल्म में माइकल जैक्सन का किरदार उनके भतीजे जाफर ने निभाया है। लुक्स और हाव-भाव में वह बिल्कुल चाचा माइकल जैक्सन जैसे लगते हैं। 'माइकल' की कमाई की बात करें , तो यह दुनियाभर में अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली बायोपिक बन गई है। इसने दुनिया भर में $977 मिलियन की कमाई यानी ₹9,050.23 करोड़ कमाए हैं।

## उन्हें इसमें दिलचस्पी थी कि गाएगी- नाचेगी

### बारिश में भीगेगी, अपनी बोल्ड इमेज पर जीनत ने तोड़ी चुप्पी

**नई दिल्ली।** जीनत अमान ने अपनी बोल्ड इमेज पर चुप्पी तोड़ते हुए कहा कि फिल्ममेकर्स उनके क्रिएटिव इनपुट के बजाय उनके लुक्स में ज्यादा दिलचस्पी रखते थे। जीनत ने अपने यूट्यूब चैनल पर शुभ्रा अयप्पा के साथ एक इंटरव्यू में कहा, 'मुझे हमेशा लगा कि मेरे बारे में जो दिखाया जाता था और मैं असल में जैसी थी, उन दोनों में बहुत फर्क था। बोल्ड अभिनेत्री का ठप्पा मुझ पर बहुत लंबे समय तक लगा रहा। जब लोग मुझसे मिलते थे, तो उन्हें एहसास होता था कि मैं असल में उन किरदारों जैसी बिल्कुल नहीं थी जिन्हें मैंने निभाया था।

***ग्लोबल ट्रेंड्स ने स्टाइल पर असर डाला :*** जीनत ने अपने फैशन सेंस और इस बारे में भी बात की कि कैसे अमेरिका से भारत लौटने के बाद ग्लोबल ट्रेंड्स ने उनके स्टाइल पर असर डाला। उन्होंने कहा कि कॉस्ट्यूम डिजाइन का काम अक्सर भानु अथैया जैसे मशहूर डिजाइनरों के साथ मिलकर किया जाता था। हालांकि, उन्होंने बताया कि अक्सर उनके अपने सुझाव फिल्ममेकर्स की चाहत के मुकाबले ज्यादा संयमित होते थे। जीनत अमान ने इंडस्ट्री में असमान वेतन के मुद्दे पर भी बात की और कहा कि इस अंतर की वजह पितृसत्तात्मक व्यवस्था में छिपी है।



### लीड एक्ट्रेस थी, पर मेरी नहीं चलती थी

जीनत अमान ने दौर में इंडस्ट्री में काम करने के बारे में बात करते हुए बताया कि सेट पर ज्यादातर पुरुषों का ही बोलबाला होता था। अपने हेयरड्रेसर के अलावा, अक्सर वही एकमात्र महिला होती थीं। लीड एक्ट्रेस होने के बावजूद उन्होंने कहा कि अपने किरदारों को गढ़ने या उन्हें दिखाने के तरीके में उनकी बहुत कम चलती थी, क्योंकि ध्यान ज्यादातर उनके लुक पर ही रहता था। जीनत अमान के मुताबिक, किसी को भी मेरे दिमागी काम में कोई दिलचस्पी नहीं थी। उन्हें तो बस इसमें दिलचस्पी थी कि ये गाएगी,, नाचेगी, दो डायलॉग बोलेगी, बारिश में भीगेगी।

## खुशी से झूमीं कंगना पूरी की क्वीन-2 की शूटिंग

मुंबई। कंगना रनौत अपनी हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'भारत भाग्य विधाता' को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बहुत अच्छा नहीं कर सकी। इस बीच उनकी अपकमिंग फिल्म 'क्वीन 2' को लेकर नई अपडेट आई है। खबर है कि कंगना ने अपनी मशहूर फिल्म 'क्वीन' के बहुप्रतीक्षित सीक्वल 'क्वीन 2' की शूटिंग पूरी कर ली है। एक्टर-फिल्ममेकर ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर यह जानकारी दी। उन्होंने कास्ट और क्रू के साथ शूटिंग खत्म होने का जश्न मनाते हुए एक फोटो शेयर की। फोटो में रनौत को फिल्म की टीम के साथ देखा गया। शूटिंग पूरी होने के साथ ही, यह प्रोजेक्ट अब पोस्ट-प्रोडक्शन स्टेज में है। 'क्वीन 2' में कंगना रनौत के मशहूर किरदार 'रानी' की वापसी हो रही है। दर्शकों ने फिल्म 'क्वीन' को काफी प्यार दिया था। 2014 में रिलीज हुई ओरिजिनल 'क्वीन' का निर्देशन विकास बहल ने किया था और इसे समीक्षकों से खूब तारीफ मिली थी। फिल्म में कंगना रनौत ने रानी मेहरा का किरदार निभाया था। रानी दिल्ली की एक ऐसी लड़की थी, जिसे हमेशा घर की चारदीवारी में रखा गया था। जब उसका मंगेतर (राजकुमार राव) शादी तोड़ देता है, तो वह अकेले ही हनीमून पर निकल पड़ती है। यूरोप की अपनी यात्रा के दौरान, रानी का आत्मविश्वास बढ़ता है, वह आजादी को अपनाती है।



## किशोर कुमार ने लगाई थी गजब ट्रिक, आज भी है हिट

# 54 साल पुराना गीत, जिसे खाली चाय के कप के साथ किया रिकॉर्ड

***नई दिल्ली।*** *किशोर कुमार भारतीय म्यूजिक इंडस्ट्री के एक ऐसे कोहिनूर रहे, जिसकी चमक कभी फीकी नहीं पड़ेगी। वह सुरों के ऐसे बादशाह रहे, जिन्होंने तरानों में योडलिंग को एक रूप में पेश किया और महारात हासिल की। उन्होंने हजारों सुपरहिट गाने दिए और अपनी जादुई आवाज से कई एक्टर्स को सुपरस्टार बनाया। किशोर कुमार का गाना गाने और रिकॉर्ड करने का स्टाइल भी एकदम अलहदा था। उनका मानना था कि गाने सिर्फ गाए नहीं जाते, बल्कि उन्हें जीया जाता है। तभी तो कभी वह किसी गाने को खाली चाय के कप के साथ गाते, तो किसी गाने को नाक के पास माचिस की डिब्बी रखकर। लेकिन यहां 'संडे सिनेमा' में आपको एक ऐसे गाने के बारे में बता रहे हैं, जिसे किशोर कुमार ने ठोड़ी पर दोनों हाथ रखे और सामने चाय का खाली कप रखकर गाया था। गाना इतना ब्लॉकबस्टर बना कि 54 साल बाद भी यह कानों में मिश्री घोल देता है और खूब हिट है। बात साल 1972 की है। तब बासु चटर्जी 'पिया का घर' नाम से एक फिल्म बना रहे थे। इस फिल्म का म्यूजिक लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल ने दिया था और आनंद बख्शी ने गानों के लिरिक्स लिखे थे। वैसे तो किशोर कुमार को इस फिल्म में दो गाने गाने थे। ये गाने थे- ये जीवन है, इस जीवन का, और दूसरा था-बंबई शहर की चल तुझको सैर करा दूं।*

### 'ये जीवन है, इस जीवन का' गाने की रिकॉर्डिंग

अब किशोर कुमार ने 'बंबई शहर की...' गाना तो आसानी से गाकर रिकॉर्ड कर दिया, पर जब 'ये जीवन है' गाने की बात आई, तो मामला पेचीदा हो गया। वो इसलिए क्योंकि किशोर कुमार ने यह गाना जितनी बार भी और जिस भी तरह से गाया, वह लक्ष्मीकांत को पसंद नहीं आया। उन्हें इस गाने के लिए जो फील चाहिए था, वो आ ही नहीं रहा था।

### बार-बार करते रहे रिहर्सल पर नहीं बनी बात

ऐसे में लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल ने किशोर दा के साथ एक बार फिर बैठकर गाने की सिचुएशन को ठीक से समझने की कोशिश की। किशोर कुमार ने फिर तीन से चार बार गाने की रिहर्सल की, पर वो बात नहीं आई। किशोर दा कोशिश करते रहे, पर नाकामी मिलती रही। फिर थक-हारकर किशोर कुमार बैठ गए और एक कप चाय मंगवाई।



### गानों में लाए थे योडलिंग, क्या है ये?

योडलिंग एक तरह का सिंगिंग स्टाइल होता है, जिसमें सिंगर अपनी नॉर्मल आवाज यानी चेस्ट वॉइस और बहुत पतली या ऊंची आवाज के बीच बार-बार और तेजी से बदलाव करते हुए गाता है। किशोर कुमार ने धीरे-धीरे अपने कई गानों में योडलिंग करनी शुरू कर दी। ये गाने हैं, 'ये दिल ना होता बेचारा', 'जिंदगी एक सफर है सुहाना' और 'चला जाता हूं।'

### दाएं गाल पर दाहिना हाथ टिका पीने लगे चाय, तभी हुआ जादू

किशोर दा के साथ लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल भी चाय पीने बैठ गए और तभी जादू हो गया। किशोर कुमार ने अपने दाएं गाल पर दाहिना हाथ टिकाया और चाय पीते हुए धीरे-धीरे 'ये जीवन है' गाना गुनगुनाने लगे। वो अपनी धुन में मस्त होकर गुनगुना रहे थे, पर तभी लक्ष्मीकांत खुशी से चिल्लाए कि बस बिल्कुल ऐसे ही, ऐसे ही गाना है। यही अंदाज चाहिए था। किशोर दा हैरानी से देखने लगे, पर उन्होंने गाना एक पल के लिए भी बंद नहीं किया। इसके बाद किशोर कुमार ने चाय की टेबल पर ही बैठे हुए, एक हाथ गाल पर रखे-रखे गाना पूरा किया और उसी चाय के कप के साथ सीधे रिकॉर्डिंग रूम में चले गए। हालांकि, तब तक चाय खत्म हो चुकी थी, लेकिन उन्होंने फ्लो बनाए रखने के लिए खाली कप हाथ में पकड़े रखा। वह रिकॉर्डिंग रूम के अंदर गए। लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल के मेत पूरी म्यूजिक और रिकॉर्डिंग टीम फाइनल रिकॉर्डिंग के लिए तैयार हो गई। फिर किशोर कुमार ने कमाल कर दिया। जैसा सोचा था वैसा गाया और गाना जबरदस्त रिकॉर्ड हुआ।

## सरकार पर वादाखिलाफी का लगाया आरोप, अतिरिक्त मुख्य सचिव को भेजा ज्ञापन

# मांगें पूरी न होने पर शिक्षकों का हल्ला बोल डीईओ कार्यालय पर छह घंटे की भूख हड़ताल

**टेस्ट परीक्षा, एसीपी, मेडिकल क्लेम, ट्रांसफर और पुरानी पेंशन समेत कई मांगें उठाईं**

- गैर-शैक्षणिक कार्यों से मुक्ति, अतिथि व संविदा शिक्षकों को नियमित करने की भी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हरियाणा में शिक्षा, शिक्षार्थियों और शिक्षकों से जुड़ी लंबित मांगों को लेकर मंगलवार को जिले के शिक्षकों ने हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के आह्वान पर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। शिक्षकों ने सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक सांकेतिक भूख हड़ताल की। इस दौरान शिक्षकों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से अतिरिक्त मुख्य सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन की अध्यक्षता जिला प्रधान राजपाल मित्ताथल ने की व संचालन सचिव देसराज माचरा ने किया।

शिक्षक नेताओं ने कहा कि शिक्षा विभाग नए-नए प्रयोग कर स्कूलों को प्रयोगशाला बना रहा है। अनुभवी शिक्षकों पर जबरन टेस्ट परीक्षा थोपी जा रही है, जिससे उनके रोजगार पर संकट है। इसके अलावा एसीपी, मेडिकल क्लेम और एलटीसी के लाभ से शिक्षकों को वंचित रखा जा रहा है। नेताओं ने बताया कि वर्ष 2025 में जून व नवंबर महीने में शिक्षा मंत्री और आला अधिकारियों के साथ हुई बैठकों में कई मांगों पर सहमति बनी थी, लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी उन्हें लागू नहीं किया गया। सरकार के इसी ढुलमुल रवैये के कारण अध्यापकों को मजबूरन आंदोलन का रास्ता चुनना पड़ा। अध्यापक संघ ने मांग की है कि शिक्षकों पर थोपी जा रही टेस्ट परीक्षा की शर्त को हटाकर रोजगार सुरक्षित किया जाए। कोर्ट के आदेशानुसार अतिथि अध्यापकों, कंप्यूटर, वोकेशनल, एनएसक्यूएफ और कौशल रोजगार निगम के तहत लगे शिक्षकों को पक्का किया जाए। पिछले 10 वर्षों से लंबित जेबीटी शिक्षकों के ट्रांसफर तुरंत किए जाएं और हर सत्र के अप्रैल में तबादले सुनिश्चित हों। उल्लास, बोलो ऐप और पीपीपी जैसे गैर-शैक्षणिक कार्यों से शिक्षकों को मुक्त किया जाए। पुरानी पेंशन बहाल की जाए और स्कूलों के मर्जर पर रोक लगे।



फतेहाबाद। मांगों को लेकर भूख हड़ताल पर बैठे अध्यापक। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

आज की भूख हड़ताल में अध्यापक संघ के जिला प्रधान राजपाल मिताथल, सचिव देसराज माचरा, संगठन सचिव राजकुमार, राज्य ऑडिटर सुरजीत ढुसाद, राज्य उप महासचिव कृष्ण नैन, खण्ड प्रधान भट्टूकलां सतपाल ढाका, सचिव अजय शमशेर सिंह, कार्यकारिणी सदस्य सुरेंद्र बरडवा शामिल रहे।

## कॉलेज के गेट पर 30वें दिन भी डटे रहे बर्खास्त कर्मचारी, तबीयत बिगड़ने से रवि की हालत नाजुक

- प्रशासन और मैनेजमेंट पर अनदेखी का आरोप, नागरिक संगठनों ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। कॉलेज के बाहर धरने पर बैठे हटाए गए कर्मचारी व अन्य कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी।

भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप की परवाह किए बिना एमएम कॉलेज के मुख्य गेट पर चल रहा नौकरी से निकाले गए चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का अनिश्चितकालीन धरना आज 30वें दिन में प्रवेश कर गया है। एक तरफ जहां कर्मचारियों का गुस्सा सातवें आसमान पर है, वहीं दूसरी तरफ धरने पर बैठे एक पीड़ित कर्मचारी रवि माली की तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें आईसीयू में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। धरना स्थल पर पहुंचे विभिन्न कर्मचारी संगठनों ने कॉलेज प्रबंधन के अड़ियल रवैये पर कड़ा रोष जताया। आंदोलन को समर्थन देने पहुंचे नगरपालिका कर्मचारी संघ, पीपल्स यूथ फ्रंट और सर्व कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने दोटूक शब्दों में कहा कि यदि आईसीयू में जिंदगी की जंग लड़ रहे रवि माली को कुछ भी नुकसान होता है, तो उसकी सीधी जिम्मेदारी कॉलेज प्रशासन की होगी। संगठनों ने श्रम विभाग, शासन-प्रशासन और कॉलेज मैनेजमेंट पर कर्मचारियों की जायज आवाज को दबाने और अनसुना करने का गंभीर आरोप लगाया है।ब धरने पर बैठे कर्मचारियों ने कहा कि वह पिछले 11 से 20 वर्षों से कॉलेज में सेवादार, चौकीदार, माली और सफाई कर्मचारी के पदों पर पूरी निष्ठा से सेवाएं दे रहे थे, लेकिन प्रबंधन समिति ने दुर्भावना और रंजिश के चलते हमें बिना किसी ठोस कारण के नौकरी से बाहर का रास्ता दिखा दिया। दुख की बात यह है कि हमारे आंदोलन को एक महीना बीत जाने के बाद भी कॉलेज प्रबंधन समिति ने हमसे बातचीत करने तक की जहमत नहीं उठाई है। धरना दे रहे पीड़ित कर्मचारियों ने बताया कि वे अपनी बहाली की मांग को लेकर जिला प्रशासन से लेकर स्थानीय विधायक तक को ज्ञापन सौंप चुके हैं। तमाम सहयोगी संगठनों ने

**ये रहे मौजूद**

विनोद कुमार सुपरवाइजर, प्रदीप माली, संतोष व भीमसेन सेवादार, भूप सिंह सफाई कर्मचारी और राजेश चौकीदार सहित अन्य कर्मचारी नेता मौजूद रहे।

कॉलेज प्रशासन को अल्टीमेटम देते हुए कहा है कि यदि हटाए गए कर्मचारियों को तुरंत बहाल कर उनसे वार्ता नहीं की गई, तो इस आंदोलन को पूरे जिले में तेज किया जाएगा और इसकी जिम्मेदारी पूरी तरह प्रबंधन की होगी।

## बच्चों ने लगाई ठंडे-मीठे पानी की छबील

**ओढां।** भीषण गर्मी और चिल चिलाती धूप के बीच जहां आम जनजीवन बेहाल है, वहीं गांव ओढ़ा की पुरानी अनाज मंडी से समाज सेवा और मानवता की एक बेहद खूबसूरत तस्वीर सामने आई है। यहां गांव के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी जेब खर्च के रूपयों से मिलकर राहगीरों को राहत पहुंचाने के लिए ठंडे और मीठे पानी की छबील लगाई। आमतौर पर खेल-कूद में व्यस्त रहने वाले इन मासूम बच्चों ने इस भीषण गर्मी में राहगीरों की प्यास बुझाने का बीड़ा उठाया। बच्चों ने राह चलते लोगों, राहगिरो और वाहन चालकों को रोक-रोकर बड़े ही आदर और उत्साह के साथ ठंडा-मीठा पानी पिलाया। इस नेक काम में बच्चों का सेवा भाव देखने लायक था। पुरानी अनाज मंडी से गुजरने वाले हर व्यक्ति ने बच्चों के इस प्रयास की दिल खोलकर तारीफ की। ग्रामीणों का कहना है कि बच्चों में बचपन से ही सेवा भाव और परोपकार के संस्कार आना बेहद गर्व की बात है। इस तपती गर्मी में प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। इन छोटे बच्चों ने बड़ों को भी मानवता की सीख दी है। नन्हे-मुन्ने बच्चों का यह निःस्वार्थ कदम पूरे इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है। इस अवसर पर साहिल मदान, सुंदर तगड, केतन गर्ग, राघव गोदारा, विनय जिंदल, वत्सल गर्ग, जश्न गोयल, अनुराग गर्ग, हितेश कांसल, गर्विश देवृथ, पर्व गोयल, विशाल गर्ग सहित अनेक बाल गोपाल मौजूद थे।



## बिजली कर्मचारियों ने सर्कल स्तर पर किया प्रदर्शन

- 2 जुलाई को बिजली मंत्री के आवास का करेंगे घेराव : सतिंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा


सिरसा। बिजली कर्मचारी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

बिजली कर्मचारियों ने मंगलवार को अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। कर्मचारी नेता श्याम लाल खोड ने कहा कि यूनियन निगम अधिकारियों एवं प्रबंधन के साथ अनेक दौर की वाताएं कर चुकी है, लेकिन कर्मचारियों की जायज मांगों का समाधान नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के अधिकारों एवं हितों की रक्षा के लिए अब सरकार के साथ सीधी लड़ाई लडऩी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा प्रस्तावित हरियाणा एग्री डिस्कॉम किसानों और कर्मचारियों दोनों के लिए नुकसानदेह साबित होगा, जिसका खामियाजा भविष्य में भुगतना पड़ेगा।

राज्य सह-सचिव देवीलाल बिरड़ा एवं राज्य सलाहकार रामशरण ने कहा कि निगम प्रबंधन लगातार कर्मचारियों की जायज मांगों की अनदेखी कर रहा है तथा ऐसे निर्णय लिए जा रहे हैं, जिनसे कर्मचारियों का आर्थिक, मानसिक एवं प्रशासनिक शोषण बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन ट्रांसफर नीति, कर्मचारियों की भारी कमी, लंबित मांगों तथा कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ चल रहा आंदोलन आने वाले समय में और तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्षों से अपने गृह क्षेत्र से बाहर कार्यरत कर्मचारियों के लिए स्पष्ट स्थानांतरण नीति बनाई जाए तथा दूर-दराज क्षेत्रों में कार्यरत कर्मचारियों को उनके होम सर्कलों में शीघ्र समायोजित किया जाए। एचकेआरएनएल पर लगे कर्मचारियों का पूर्ण डाटा मैनेजमेंट के पास पहुंच चुका है, जॉब सिक्योरिटी के तहत उन्हें जल्द ऑफर लैटर जारी किए जाए व एचकेआरएनएल कर्मचारियों के लिए समान काम समान वेतन लागू किया जाए व इंटर यूटिलिटी स्थातरण को पुनः शुरू किया जाए, ताकि कर्मचारियों को गृह जिले में कार्य करने का एक अवसर मिल सके।

बैठक में उपस्थित सभी यूनिटों एवं सब-यूनिटों के प्रधानों, सचिवों एवं पदाधिकारियों ने सरकार एवं निगम प्रबंधन की कर्मचारी विरोधी नीतियों पर गहरा रोष व्यक्त किया। बैठक में उपस्थित कर्मचारियों ने एक स्वर में कहा कि हरियाणा एग्री डिस्कॉम एवं बिजली क्षेत्र के निजीकरण की किसी भी योजना को किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## न्यूज डायरी

### मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए टोल-फ्री नंबर 1950 पर करें संपर्क

**फतेहाबाद।** डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. विवेक भारती ने जिला के नागरिकों और पात्र मतदाताओं से अपील करते हुए कहा है कि यदि किसी भी नागरिक को अब तक मतदाता सूची पुनरीक्षण अथवा सत्यापन से संबंधित गणना फॉर्म प्राप्त नहीं हुआ है, तो वे बिना किसी देरी के तुरंत अपने क्षेत्र के बूथ स्तर के अधिकारी से संपर्क स्थापित करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया की जिला में कुल 710261 मतदाता है तथा 319637 यानि 45 प्रतिशत मतदाताओं के गणना फार्म बीएलओ द्वारा डिजीटाइज किये जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि नागरिक अपने संबंधित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में भी व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर फॉर्म प्राप्त कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, चुनाव विभाग द्वारा जारी टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 1950 पर भी कॉल करके इस संबंध में सहायता या जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

### स्ट्रे कैटल व कुत्तों के प्रभावी प्रबंधन को लेकर जिला स्तरीय समितियों की बैठक

**फतेहाबाद।** स्ट्रे कैटल व कुत्तों के प्रभावी प्रबंधन को लेकर गठित विभिन्न जिला स्तरीय समितियों की बैठक डीएमसी प्रवीण कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में सर्वोच्च न्यायालय एवं हरियाणा सरकार के निर्देशों के अनुरूप किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में स्थानीय पशु जन्म नियंत्रण मॉनिटरिंग समिति, ज्वाइंट टास्क फोर्स तथा जिला मॉनिटरिंग समिति के कार्यों एवं जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। डीएमसी प्रवीण कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्ट्रे कैटल/कुत्तों के प्रबंधन से संबंधित सभी गतिविधियों की नियमित निगरानी सुनिश्चित करते हुए विभागवार प्रगति रिपोर्ट समय पर उपलब्ध कराई जाए। बैठक में विभिन्न विभागों के नामित नोडल अधिकारियों से कहा गया कि वे अपने-अपने विभागों में न्यायालय एवं सरकार के निर्देशों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें, विभागीय रिपोर्टों का संकलन एवं सत्यापन समयबद्ध निर्धारित तरीके से करें।

### पूर्णिमा की संध्या पर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए लगाया लंगर

**सिरसा।** रेलवे स्टेशन पर जरूरतमंदों व यात्रियों के लिए ज्येष्ठ माह की पूर्णिमा की संध्या पर लंगर भंडारा लगाया गया। श्रद्धालु सुमन मित्तल ने बताया कि भंडारे का आयोजन स्वामी अचलानंद गिरी के श्रद्धालुओं द्वारा आपसी सहयोग से किया गया। उन्होंने कहा कि स्वामी जी ने बिना किसी भेदभाव के सेवा कार्यों पर जोर दिया और बताया कि वैसे तो सेवा कार्य कभी भी किए जा सकते हैं पर पूर्णिमा वाले दिन किए गए सेवा कार्यों का फल कई गुणा होता है। भंडारे से पहले स्वामी जी के जयकारे के साथ सभी के कल्याण के लिए प्रार्थना की गई। तत्पश्चात सैकड़ों जरूरतमंद लोगों तथा यात्रियों को दाल, चावल, हलवा, आम तथा शीतल मीठे जल का वितरण किया गया। भीषण गर्मी में भोजन, मिष्ठान, फल व शरबत वितरण के लिए सभी ने श्रद्धालुओं को साधुवाद दिया।

## युवतियों से अभद्रता का वीडियो वायरल, तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

टोहाना में नहर पर नहा रही युवतियों के साथ सरेआम अभद्रता और छींटाकशी करने वाले मनचलों को हुड़दंगबाजी का वीडियो सोशल मीडिया पर डालना भारी पड़ गया। वीडियो वायरल होते ही फतेहाबाद पुलिस ने तीसरी आंख और सोशल मीडिया इनपुट पर तुरंत संज्ञान लिया। पुलिस कप्तान निकिता खट्टर के कड़े रुख के बाद थाना शहर टोहाना पुलिस ने बिजली की फुर्ती दिखाते हुए चंद घंटों के भीतर तीन मनचलों को दबोचकर हवालात पहुंचा दिया। पकड़े गए आरोपियों में भाट बस्ती का एक शातिर युवक मिर्ची भी शामिल है।




### रील के चक्कर में पहुंचे हवालात

पकड़े गए आरोपियों की पहचान दीपक उर्फ मिर्ची निवासी भाट बस्ती, टोहाना, अजय निवासी टिब्बा बस्ती, टोहाना और अरुण निवासी राजनगर, टोहाना के रूप में हुई है। पुलिस ने तीनों हुड़दंगियों के खिलाफ शिकंजा कसते हुए आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। शहर थाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि जैसे ही नहर का यह शर्मनाक वीडियो पुलिस के संज्ञान में आया, टीम ने बिना एक मिनट गंवाए तकनीकी सर्विलांस और मुखबिरों की मदद से आरोपियों को ट्रेस करना शुरू कर दिया। देखते ही देखते तीनों आरोपियों को अलग-अलग ठिकानों से उठा लिया गया।

### जिले में महिलाओं के सम्मान से समझौता नहीं : एसपी

इस कार्रवाई के बाद जिला पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर ने मनचलों और असामाजिक तत्वों को कड़ा संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि बेटियों और महिलाओं की सुरक्षा हमारी सबसे पहली प्राथमिकता है। सार्वजनिक स्थलों, पार्कों या नहर किनारे महिलाओं के साथ अभद्रता, फब्तियां कसने या छेड़छाड़ करने वालों के लिए फतेहाबाद जिले में कोई जगह नहीं है।

## रोटरी क्लब फतेहाबाद की बैठक रुपेश सर्वसम्मति से चुने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

रोटरी क्लब फतेहाबाद की बैठक डॉ. गुलशन मदान की अध्यक्षता में हुई। क्लब के सचिव अंकित गेरा ने बताया कि पूर्व अध्यक्ष राजीव सेतिया और गुरमीत सिंह नामधारी ने वर्ष 2026-27 के लिए नए क्लब अध्यक्ष के रूप में रुपेश कौशिक के नाम का प्रस्ताव रखा। इस प्रस्ताव पर बैठक में मौजूद सभी सदस्यों ने अपनी सहमति जताई और सर्वसम्मति से रुपेश कौशिक को आगामी वर्ष के लिए क्लब का नया अध्यक्ष चुन लिया। इसके साथ ही क्लब के सदस्यों ने नए अध्यक्ष को वर्ष 2026-27 के लिए अपनी नई टीम का चयन और फैसला करने के लिए पूर्ण रूप से अधिकृत किया है। इस घोषणा के बाद सभी सदस्यों ने रुपेश कौशिक को बधाई दी और गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया। अपनी इस नियुक्ति पर आभार व्यक्त करते हुए नवनियुक्त अध्यक्ष रुपेश कौशिक ने सभी सदस्यों का धन्यवाद किया। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वह रोटरी क्लब के उत्थान और विकास के लिए अपनी ओर से हरसंभव सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेंगे।

### 55वीं केवीएस रीजनल स्पोर्ट्स मीट की शतरंज प्रतियोगिता मे शानदार प्रदर्शन

# भाई-बहन ने शतरंज में जीते दो स्वर्ण : युवराज दूसरी बार बने चैंपियन, परिणीति ने पहले ही टूर्नामेंट में किया कमाल

- जीत का श्रेय प्रशिक्षक प्रमोद खरबास नियमित अभ्यास और परिवार के सहयोग को दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

केंद्रीय विद्यालय फतेहाबाद के भाई-बहन युवराज मीणा और परिणीति मीणा ने 55वीं केवीएस रीजनल स्पोर्ट्स मीट की शतरंज प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर जिले का गौरव बढ़ाया है। दोनों खिलाड़ियों का चयन अब केवीएस नेशनल प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जहां वे गुरुग्राम रीजन का प्रतिनिधित्व करेंगे।

अंबाला के देव गुरुकुल में 22 से 29 जून तक आयोजित रीजनल स्पोर्ट्स मीट में केंद्रीय विद्यालय फतेहाबाद के छात्र युवराज मीणा ने लगातार दूसरी बार रीजनल चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए छह मुकाबलों में चार जीत और दो मुकाबले ड्रॉ खेले। कुल पांच अंक हासिल कर वह पूरे टूर्नामेंट में अपराजित रहे और स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। इसके साथ ही उन्होंने लगातार दूसरी बार केवीएस नेशनल प्रतियोगिता के लिए भी क्वालीफाई किया। वहीं उनकी छोटी बहन परिणीति मीणा ने अपने पहले ही केवीएस रीजनल टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीत लिया। परिणीति ने सात मुकाबलों में पांच जीत दर्ज की, एक मुकाबला ड्रॉ खेला और केवल एक मैच गंवाया। 5.5 अंकों के साथ वह प्रथम स्थान पर रहीं और अपने पहले ही रीजनल टूर्नामेंट में चैंपियन बनने का कारनामा कर दिखाया।


फतेहाबाद। युवराज व परिणीति मीणा। फोटो : हरिभूमि

खास बात यह है कि परिणीति ने मार्च 2025 में ही शतरंज खेलना शुरू किया था। कुछ ही महीनों के अभ्यास के बाद रीजनल स्तर पर स्वर्ण पदक जीतकर उन्होंने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। वर्तमान में युवराज केंद्रीय विद्यालय फतेहाबाद में कक्षा सात और परिणीति कक्षा छह की छात्रा हैं। एक ही परिवार के दो खिलाड़ियों का एक साथ रीजनल स्तर पर स्वर्ण पदक जीतना और नेशनल प्रतियोगिता के लिए चयनित होना जिले के लिए गर्व की बात मानी जा रही है। इस उपलब्धि पर विद्यालय में खुशी का माहौल है और शिक्षकों व विद्यार्थियों ने दोनों खिलाडिय़ों को बधाई दी।

युवराज और परिणीति ने अपनी सफलता का श्रेय शतरंज प्रशिक्षक प्रमोद खरबास, नियमित अभ्यास और परिवार के सहयोग को दिया। दोनों खिलाड़ी अब केवीएस नेशनल प्रतियोगिता की तैयारियों में जुट गए हैं और वहां भी बेहतर प्रदर्शन कर विद्यालय, फतेहाबाद तथा गुरुग्राम रीजन का नाम रोशन करने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहे हैं।

### बाल भवन में समर कैंप का रंगारंग समापन

**फतेहाबाद।** जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा स्थानीय बाल भवन परिसर में आयोजित समर कैम्प का रंगारंग समापन समारोह मंगलवार को संपन्न हुआ। डीसी एवं जिला बाल कल्याण परिषद के प्रधान डॉ. विवेक भारती के मार्गदर्शन में 1 जून से 30 जून, 2026 तक आयोजित इस एक माह के शिविर में प्रतिदिन लगभग 150 बच्चों, किशोरियों एवं महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समापन समारोह में बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। समर कैम्प के दौरान प्रतिभागियों के लिए विभिन्न प्रकार की प्रशिक्षण एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इनमें 14 वर्ष तक के बच्चों एवं महिलाओं के लिए डांस कक्षाएं, लड़कियों के लिए ब्यूटी केयर एवं मेहंदी प्रशिक्षण, सभी इच्छुक बच्चों के लिए कंप्यूटर बेसिक एवं इंग्लिश स्पीकिंग कक्षाएं, लड़कियों एवं महिलाओं के लिए सिलाई-कटाई का प्रशिक्षण तथा आर्ट एंड क्राफ्ट, पेंटिंग और म्यूजिक की कक्षाएं शामिल रहीं।

**दी फतेहाबाद को ऑपरेटिव मार्केटिंग कम प्रोसेसिंग सोसाइटी लि.**
दुकान नं. 45, अनाज मंडी, फतेहाबाद । मो. 9315192903

**टेंडर की शर्तें**

आप सभी लेबर व ट्रांसपोर्ट ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि दी फतेहाबाद को ऑपरेटिव मार्केटिंग कम प्रोसेसिंग सोसाइटी लि., दुकान नं. 45, अनाज मंडी का फतेहाबाद से फतेहाबाद ब्लॉक व रतिया से रतिया ब्लॉक का मिड-डे-मिल व आंगनवाड़ी का राशन आबंटित करवाने का कार्य करने हेतु लेबर तथा ट्रांसपोर्टेशन सहित एक ही टेंडर किया जाना है । जिसमें आर ओ उठान, गोदाम अनलोडिंग, सप्लाई के लिए साधन लोडिंग, निश्चित स्थान पर अनलोडिंग व इत्यादि कार्य शामिल है । अतः इच्छुक ठेकेदार अपनी निविदाएं दिनांक 09/07/2026 दोपहर 11 बजे तक समिति कार्यालय में जमा करवाए । प्रबंधक कमेटी द्वारा दिनांक 09-07-2026 दोपहर 12:00 बजे समिति कार्यालय में सबसे कम रेंट (प्रति क्विंटल) वाले ठेकेदार को यह ठेका दे दिया जाएगा ।

**ठेकेदार को ठेका निम्न शर्तों पर दिया जाएगा ।**

1. लेबर ठेकेदार को लेबर तथा ट्रांसपोर्टेशन के काम के अनुभव एवं अन्य आकलन के आधार पर प्राथमिकता दी जाएगी ।
2. ठेकेदार को 5000 (पांच हजार) रुपये बतौर अग्रिम राशि जमा करवानी होगी जो कि ठेका मिलने पर अमानत राशि में जमा कर दी जाएगी व ठेका ना मिलने पर वापस कर दी जाएगी ।
3. ठेकेदार को ठेका छूटते ही 50,000 (पचास हजार) रुपये बतौर अमानत राशि जमा करवानी होगी जिसका कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा ।
4. प्रत्येक ठेकेदार को एक हजार रुपये फार्म फीस के रूप में देने होंगे जो कि रिफंडेबल नहीं है।
5. इस टेंडर की अवधि 09/07/2026 से अगला ठेका छूटने तक की रहेगी ।
6. ठेकेदार को आधार कार्ड व बैंक पास बुक की फोटोकॉपी तथा स्वयं की फोटो मौके पर जमा करवानी होगी ।
7. ठेकेदार को लेबर तथा ट्रांसपोर्टेशन का कार्य पूरी ईमानदारी के साथ करना होगा तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही की वजह से किसी किस्म का नुकसान होता है तो वह ठेकेदार वहन करेगा ।
8. अगर ठेकेदार समय पर लेबर तथा ट्रांसपोर्टेशन हेतु साधन उपलब्ध नहीं करवाएगा तो ठेकेदार की क्षतिपूर्ति पर कार्य अन्य लेबर से करवा लिया जाएगा ।
9. सब कमेटी को टेंडर फार्म में कमी पाए जाने, शर्तें पूरी न होने की सूरत में टेंडर को रद्द करने व स्वीकार करने का पूरा अधिकार होगा ।
10. किसी भी प्रकार के विवाद का न्यायिक क्षेत्र फतेहाबाद होगा ।

- प्रबंधक, दी फतेहाबाद को ऑपरेटिव मार्केटिंग कम प्रोसेसिंग सोसाइटी लि., फतेहाबाद

इनेलो, कांग्रेस और पंजाब सरकार पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने बोला हमला

# सिरसा में एक ही परिवार करता रहा राज, सिर्फ अपना विकास किया: डॉ. अर्चना गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा/कालांवाली

कहा : पंजाब में मान सरकार ने युवाओं को नशे की दलदल में धकेला


सिरसा। कार्यकर्ताओं को संबोधित करती भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने इनलो, कांग्रेस और पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यह गुरुओं, किसानों और अन्नदाताओं की धरती है। इस धरती पर लंबे समय तक एक ही परिवार राज करता रहा। उस परिवार ने सैंकड़ों एकड़ जमीन बनाई, लेकिन कभी किसानों, व्यापारियों की सुध नहीं ली और न ही गांवों का विकास कराया। डॉ. अर्चना गुप्ता मंगलवार को कालांवाली व सिरसा में अभिनंदन समारोह में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रही थीं। डा. अर्चना गुप्ता ने कहा कि चौ. देवीलाल जमीन से जुड़े नेता रहे और पूर्व उप प्रधानमंत्री रहे, लेकिन उन्होंने भी यहां की भावी पीढ़ी के लिए कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि इनेलो की सरकार रहने के बावजूद क्षेत्र में सिंचाई, पेयजल और मूलभूत सुविधाओं तक का समुचित विकास नहीं कराया गया। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में समान विकास सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने कहा कि किसानों के फसल नुकसान की भरपाई नायब सरकार कर रही है और इसी क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज की स्थापना भी नायब सरकार ने की है। इसके अलावा सिरसा में मेडीकल कालेज का निमार्ण कार्य भी जोर-शोर से चल रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में गुरूद्वारा चिल्ला साहिब सिरसा की जमीन का मालिकाना हक गुरूद्वारा साहिब को दिया गया।

### पंजाब में परिवार हो रहे बर्बाद

डॉ. अर्चना गुप्ता ने पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार पर भी तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि पंजाब में नशे की समस्या लगातार बढ़ रही है और मान सरकार इसे रोकने में पूरी तरह विफल रही है। उन्होंने कहा कि पंजाब में परिवार के परिवार बर्बाद हो रहे हैं, लेकिन पंजाब सरकार कोई कार्रवाई नहीं कर रही। इसके विपरीत हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश को नशामुक्त बनाने के लिए स्पेशल टास्क फोर्स का गठन किया है, जो नशे के कारोबार पर सख्ती से कार्रवाई कर रही है।

### भगवंत मान पर गुरुओं के अपमान का आरोप

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शराब के नशे में धुत होकर गुरूओं का अपमान किया है। उन्होंने कहा कि पंजाब के सीएम मान ने गुरूओं पर शराब के छींटें छिड़ककर गुरूओं के साथ बेदअबी कर की है। उन्होंने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री मान ने अकाल तख्त से झूठ बोला और 10 लाख रुपये में असली वीडियो को नकली वीडियो सिद्ध करने का प्रयास किया। डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि हरियाणा की पुलिस और हरियाणा सरकार ने दूध का दूध और पानी का पानी कर कर दिया और असली वीडियो को सामने लाने का काम किया।

# 32 वर्ष पुराना यमुना जल समझौता साकार होना ऐतिहासिक निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद


सुभाष खिलेरी।

वरिष्ठ भाजपा नेता सुभाष खिलेरी ने हरियाणा और राजस्थान के बीच 32 वर्ष पुराने यमुना जल समझौते को मूर्त रूप दिए जाने के निर्णय का स्वागत करते हुए इसे ऐतिहासिक, दूरदर्शी और जनहितकारी कदम बताया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार तथा हरियाणा और राजस्थान की सरकारों ने वर्षों से लंबित इस महत्वपूर्ण परियोजना को आगे बढ़ाकर लाखों लोगों के हित में सराहनीय कार्य किया है, जिसके लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बधाई के पात्र हैं। सुभाष खिलेरी ने कहा कि यमुना नदी में मानसून के दौरान आवश्यकता से अधिक आने वाला पानी अब व्यर्थ बहने या हरियाणा में बाढ़ एवं तबाही का कारण बनने के बजाय जनकल्याण में उपयोग होगा। इस समझौते के तहत पाइपलाइन के माध्यम से हरियाणा के भिवानी और फतेहाबाद जिलों के साथ-साथ राजस्थान के सीकर, चूरू और झुंझुनू जैसे लंबे समय से पेयजल संकट झेल रहे क्षेत्रों के लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा सकेगा। यह परियोजना जल संरक्षण और जल संसाधनों के बेहतर प्रबंधन का उत्कृष्ट उदाहरण है।

साढ़े तीन एकड़ में बनी मिट्टी की सड़कें उखाड़ीं

# टोहाना रोड पर अवैध कॉलोनी पर चला बुलडोजर, तीन पर केस दर्ज

बिना मंजूरी वाली कॉलोनी में निवेश महंगा पड़ सकता है, बना मकान भी गिराया जा सकता है : डीटीपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भूना


भूना। अवैध कॉलोनी में बुलडोजर चलाकर मिट्टी से बनाई गई सडक़ों को ध्वस्त करते हुए। फोटो : हरिभूमि

शहर के टोहाना रोड स्थित न्यू सैनी कॉलोनी के आगे खेतों में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी पर मंगलवार को जिला नगर योजनाकार विभाग ने बड़ी कार्रवाई की। करीब साढ़े तीन एकड़ भूमि पर बिना अनुमति काटी गई कॉलोनी में बुलडोजर चलाकर मिट्टी से बनाई गई सडक़ों को ध्वस्त कर दिया गया। कार्रवाई के बाद कॉलोनी विकसित करने वाले तीन कॉलोनाइजरों के खिलाफ पुलिस में एफआईआर भी दर्ज करवाई गई है।

डीटीपी राज कीर्ति ने बताया कि विभाग को बिना स्वीकृति कॉलोनी विकसित किए जाने की सूचना मिली थी। शिकायत मिलने के बाद विभागीय टीम ने मौके का निरीक्षण किया और संबंधित कॉलोनाइजरों को नोटिस जारी कर आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। निर्धारित समय बीतने के बावजूद किसी भी प्रकार का जवाब या वैध अनुमति संबंधी दस्तावेज विभाग को उपलब्ध नहीं कराया गया। इसके बाद कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए मंगलवार को अवैध कॉलोनी में बनाई गई मिट्टी की सडक़ों पर बुलडोजर चलाकर उन्हें उखाड़ दिया गया। कार्रवाई के दौरान ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग फतेहाबाद के एसडीओ भागीराम मौजूद रहे। अभियान में जेई संदीप कुमार, जेई अंकित कुमार व सुरेश कुमार तथा एनफोर्समेंट ब्यूरो विंग की पुलिस टीम भी शामिल रही। कार्रवाई पूरी होने के बाद डीटीपी की शिकायत पर आमान सिंह, भूना निवासी प्रदीप बंसल और अनिल ग्रोवर के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत पुलिस में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। विभाग का कहना है कि जिले में अवैध कॉलोनियों के खिलाफ आगे भी इसी तरह सख्त अभियान जारी रहेगा।

### निवेश से पहले वैधता की जांच जरूर करें : डीटीपी

जिला नगर योजनाकार राज कीर्ति ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्लॉट या कॉलोनी में निवेश करने से पहले उसकी वैधता की जांच अवश्य कर लें। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना अनुमति विकसित की गई कॉलोनियों में किया गया निवेश भविष्य में भारी नुकसान का कारण बन सकता है। ऐसे क्षेत्रों में यदि मकान या अन्य निर्माण किए जाते हैं तो नियमानुसार उन्हें भी गिराया जा सकता है। उन्होंने लोगों से डीटीपी कार्यालय फतेहाबाद से कॉलोनी की वैधता की पुष्टि करने के बाद ही जमीन खरीदने की सलाह दी।

ड्रग कंट्रोलर और पुलिस की संयुक्त छापेमारी

# घर से चला रहा था मेडिकल नशे का अवैध कारोबार, पुलिस ने दबोचा

पांच हजार प्रतिबंधित नशीली गोलियां व कैप्सूल बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा


सिरसा। नशीली दवाओं के साथ पकड़ा गया आरोपी। फोटो : हरिभूमि

पुलिस ने घर से मेडिकल नशा का अवैध कारोबार कर रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर हजारों प्रतिबंधित नशीली गोलियां बरामद की है। ड्रग कंट्रोलर विभाग व पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में आरोपी को रंगें हाथों गिरफ्तार किया है।

बरामद गोलियों को ड्रग विभाग के हवाले कर दिया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि सिरसा शहर के सी ब्लॉक क्षेत्र में एक मकान में नशीली गोलियां बेचने का धंधा किया जा रहा है। ड्रग इंस्पेक्टर सुनील कुमार और एंटी नारकोटिक्स सेल की संयुक्त टीम ने छापेमारी की। पुलिस ने मौके से आरोपी जब्बार को करीब पांच हजार प्रतिबंधित नशीली गोलियां और कैप्सूल के साथ गिरफ्तार कर लिया। बरामद दवाइयों को कब्जे में लेकर आरोपी को आवश्यक कानूनी कार्रवाई के लिए ड्रग इंस्पेक्टर सुनील कुमार के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस का कहना है कि जिले में नशे के अवैध कारोबार को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि किसी मेडिकल स्टोर संचालक या अन्य व्यक्ति की प्रतिबंधित दवाइयों के अवैध कारोबार में संलिप्तता सामने आती है तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## गुरूनानकपुरा में हेरोइन के साथ नशा तस्कर गिरफ्तार, बाइक जब्त



फतेहाबाद। जिला पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक युवक को 10.43 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तस्करी में इस्तेमाल की जा रही मोटरसाइकिल को भी मौके पर ही जब्त कर लिया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान भाटिया कॉलोनी निवासी मुख्तयार सिंह उर्फ मुखा के रूप में हुई है। गुरुनानकपूरा चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक कंवरसिंह ने बताया कि पुलिस टीम को एक विश्वसनीय गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी मोटरसाइकिल पर सवार होकर गुरुनानकपुरा इलाके में हेरोइन बेचने की फिराक में घूम रहा है। इस जानकारी पर पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए गुरुनानकपुरा की गली नंबर-1 में दबिश दी। पुलिस को देखकर आरोपी ने मौके से भागने का प्रयास किया, लेकिन मुस्तैद पुलिसकर्मियों ने उसे घेराबंदी कर काबू कर लिया। नियमानुसार ली गई तलाशी के दौरान आरोपी की पैंट की जेब से 10.43 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने प्रतिबंधित नशीला पदार्थ और मोटरसाइकिल को कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब आरोपी से गहनता से पूछताछ कर रही है ताकि नशा तस्करी के पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश किया जा सके और इस धंधे से जुड़े अन्य लोगों पर भी सख्त कानूनी शिकंजा कसा जा सके।

## न्यूज डायरी

### सहकार से समृद्धि थीम के अनुरूप दिलाई सहकारी शपथ

चोपटा। दी कागदाना एमपैक्स लिमिटेड कागदाना में सहकारी सप्ताह अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान समिति के सदस्यों, किसानों और ग्रामीणों को सहकारिता, डिजिटल सेवाओं, कृषि योजनाओं और नवाचारों से जोडऩे के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। यह अभियान देशभर में मनाए जा रहे सहकारी सप्ताह की थीम सहकार से समृद्धि के अनुरूप आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर आडिट नोट 2024-25 अनुपालना बारे विचार विमर्श किया गया। आम सभा में वर्ष 2025-26 की कार्यवाही, आय-व्यय एवं लेखा अनुमोदन प्रस्तुत किया गया।

### रोबोटिक तकनीक ने घुटने के प्रत्यारोपण को आसान बनाया

सिरसा। चौधरी आर्थोपेडिक एंड जनरल अस्पताल के डॉ. अभिषेक चौधरी ने कहा कि चिकित्सा जगत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक तकनीक ने घुटने के प्रत्यारोपण को बेहद आसान और सटीक बना दिया है। डॉ. चौधरी मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। डॉ. अभिषेक चौधरी ने बताया कि पारंपरिक सर्जरी के मुकाबले वेलिस एआई रोबोटिक तकनीक मरीजों के लिए एक मील का पत्थर साबित हो रही है। यह एआई-संचालित रोबोटिक सिस्टम घुटने की बनावट का बारीकी से विश्लेषण करता है, जिससे सर्जरी में गलती की गुंजाइश खत्म हो जाती है।

### स्कूल में चोरों ने मचाया उत्पात

ओढां। ओढां के पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में चोरों ने खूब उत्पात मचाया। चोर बंद पड़े तीन क्वार्टरों के ताले तोडक़र लाखों रुपए के आभूषण व नकदी चोरी कर ले गए। सूचना के बाद पुलिस की विभिन्न टीमों ने मौके पर पहुंची तो वहीं डीएसपी कालांवाली ने भी मौके पर पहुंच कर घटना की जानकारी ली। नवोदय में बने क्वाटर में रहने वाले शिक्षक मुराद सिंह पूरे परिवार के साथ छुट्टियों के बाद जयपुर गए हुए थे। पीछे से चोर इसका फायदा उठाकर कमरे का कुंडा तोडक़र अंदर दाखिल हुए और अलमारी का ताला तोड़ उसमें से सोने के आभूषण व नकदी चोरी कर ले गए।

### दयानंद आहूजा उकलाना-सनियाना मंडल अध्यक्ष

फतेहाबाद। ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी ने संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक मजबूत करने तथा समाज सेवा के कार्यों को गति देने के उद्देश्य से नई नियुक्तियों की घोषणा की है। यह नियुक्तियां संगठन के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश चुघ द्वारा संगठन संस्थापक कमल हांडा के मार्गदर्शन तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष साहिब दयाल वधवा से विचार-विमर्श के उपरांत की गई हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 8291554800, 7988727916

# भाजपा सरकार ने शिक्षा व्यवस्था को जानबूझकर संकट में धकेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

सांसद कुमारी सैलजा ने हरियाणा की शिक्षा व्यवस्था की बदहाल स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों ने सरकारी शिक्षा को गंभीर संकट में धकेल दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसा प्रतीत होता है कि सरकार सुनियोजित तरीके से सरकारी शिक्षा व्यवस्था को कमजोर कर उसे निजी हाथों में सौंपने का रास्ता तैयार कर रही है। कुमारी सैलजा ने कहा कि हाल ही में सामने आए आधिकारिक आंकड़े बेहद चिंताजनक हैं। प्रदेश के सरकारी स्कूलों में 5,573 वरिष्ठ माध्यमिक शिक्षक पद (26.2 प्रतिशत), 8,449 प्राथमिक शिक्षक पद (14 प्रतिशत) तथा 2,413 माध्यमिक शिक्षक पद (12.2 प्रतिशत) वर्षों से रिक्त पड़े हैं। शिक्षक भर्ती में लगातार देरी का खामियाजा लाखों विद्यार्थियों को भुगतना पड़ रहा है। सांसद ने कहा कि प्रदेश में 968 सरकारी प्राथमिक विद्यालय केवल एक शिक्षक के भरोसे संचालित हो रहे हैं, जबकि 22.1 प्रतिशत विद्यालयों में शिक्षक-छात्र अनुपात निर्धारित मानकों से भी खराब हो चुका है। यह स्थिति शिक्षा के अधिकार अधिनियम (आरटीई) की भावना के भी विपरीत है। उन्होंने कहा कि शिक्षा तक समान पहुंच सुनिश्चित करने में भी सरकार पूरी तरह विफल रही है।

# सरकारी नीतियों से हताश है प्रदेश का युवा और किसान, अब बदलाव की बयार तय

फतेहाबाद। इनेलो की महिला प्रदेश प्रभारी सुनैना चौटाला ने फतेहाबाद हलके में अपने सघन जनसंपर्क अभियान के दौरान प्रदेश की वर्तमान सरकार की जनविरोधी नीतियों पर तीखा प्रहार किया है। इस दौरान उन्होंने गांव भोड होशनाक एवं धारणिया में ग्रामीणों के साथ सीधा संवाद किया और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। सुनैना चौटाला ने ग्रामीणों से संवाद के दौरान सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि आज प्रदेश का युवा और किसान दोनों ही सरकारी उदासीनता के शिकार हैं। उन्होंने कहा, फतेहाबाद विधानसभा क्षेत्र की जनता लंबे समय से मूलभूत सुविधाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य और पेयजल जैसी बुनियादी समस्याओं से जूझ रही है। सरकार को इन ज्वलंत मुद्दों पर प्राथमिकता से काम करना चाहिए था, लेकिन अफसोस है कि धरातल पर स्थितियां बदतर होती जा रही हैं।


फतेहाबाद। जनसम्पर्क अभियान के दौरान ग्रामीणों से बातचीत करते सुनैना चौटाला।


सिरसा। कथावाचक को सम्मानित करते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

# मानवता के कल्याण के लिए हुआ श्रीराम का जन्म: ललित व्यास

सिरसा। हुडा सेक्टर के लक्ष्मी नारायण मंदिर के 16 वें स्थापना दिवसर पर जारी राम कथा के चौथे दिन कथा व्यास स्वामी ललित व्यास ने श्रीराम, जानकी के प्राकट्य की कथा सुनाते हुए बताया कि भगवान श्रीराम का व जानकी जी का जन्म केवल एक पुत्र या पुत्री के रूप में नहीं, बल्कि धर्म की स्थापना, सत्य की रक्षा और मानवता के कल्याण के लिए हुआ था। कथा सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और पूरे वातावरण में भक्ति एवं श्रद्धा का माहौल बना रहा। उन्होंने बताया कि राम का जीवन आदर्श पुत्र, आदर्श भाई, आदर्श पति और आदर्श राजा के रूप में समस्त समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है। कथा के दौरान माता सीता के प्राकट्य का प्रसंग भी विस्तार से सुनाया गया। कथावाचक ने कहा कि जब मिथिला में लंबे समय तक वर्षा नहीं हुई और भीषण अकाल पड़ गया, तब राजा जनक स्वयं हल लेकर भूमि जोतने के लिए निकले।

अधिकारियों को दिए नियमित निरीक्षण और खामियां मिलने पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश

# स्कूलों में सुरक्षा मानकों पर रखें नजर: एडीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा


सिरसा। अधिकारियों की बैठक लेते एडीसी। फोटो : हरिभूमि

अतिरिक्त उपायुक्त अर्पित संगल ने कहा कि स्कूलों में सुरक्षित वातावरण सबसे जरूरी है। शिक्षा विभाग के अधिकारी स्कूल सेफ्टी पॉलिसी के तहत स्कूलों का निरीक्षण करें और जो भी खामियां पाई जाए, उसके बारे में उच्च अधिकारियों को अवगत करवाएं ताकि समय पर उचित कार्यवाही की जा सके। यह निर्देश अतिरिक्त उपायुक्त ने मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में स्कूल सेफ्टी को लेकर जिला स्तरीय कमेटी की बैठक में दिए। इस बैठक में सीडब्ल्यूसी चेयरमैन डा. मदनलाल, डीटीपी कर्मवीर सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष फुटेला, लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता कमलदीप सिंह, उप सिविल सर्जन डॉ. संदीप सिंह, शिक्षा विभाग से अमित मनहर मौजूद रहे। जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष फुटेला ने बताया कि जिले में 833 सरकारी स्कूल व 333 प्राइवेट स्कूल हैं। इन सभी स्कूलों का निरीक्षण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जल्द ही खंड स्तर पर भी बैठकें आयोजित होगी और जागरूकता कार्यक्रम भी चलाए जाएंगे।

### वाहनों का समय पर निरीक्षण किया जाए

अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि कंडम भवन के अलावा बिजली, पानी की व्यवस्थाएं भी जांची जाए। विद्यार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी आ रही है तो उस पर भी तत्काल संज्ञान लिया जाना चाहिए। उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्कूलों में जाने वाले ई-रिक्शा पर बच्चों की संख्या निर्धारित से अधिक न हो। स्कूल बस व दूसरे वाहनों का समय-समय पर निरीक्षण किया जाए। जिन स्कूलों का मुख्य द्वार सीधे रोड पर है, वहां स्कूल की छुट्टी के दौरान अध्यापक की तैनाती हो ताकि बच्चे सुरक्षित ढंग से सडक़ क्रॉस करें।

C.R. LAW COLLEGE
RAJGARH ROAD, HISAR
Seth Chhaju Ram (1881-1943)
(Affiliated to GJUS&T, Hisar & Approved by Bar Council of India)
Permanent Recognition (NOC) from Haryana Govt.
ADMISSION OPEN For Academic Session 2026-27
DIRECT ADMISSION ON MERIT BASIS
B.A. LL.B.
LAST DATE : 06 JULY 2026
5 YEAR INTEGRATED COURSE AFTER 10+2
LL.B. (Professional)
LAST DATE : 30 JULY 2026
3 YEAR DEGREE COURSE AFTER GRADUATION
For General Category Candidates Minimum 45% Marks aggregate and for SC/ST Candidates Minimum 40% Marks aggregate in the qualifying exam (Any Stream)
LL.M.
LAST DATE 30 JULY 2026
2 YEAR PROGRAMME
For General Category Candidates Minimum 50% Marks in the aggregate and for SC/ST Candidates Minimum 45% Marks in LL.B.
APPLY ONLINE FOR ADMISSION
www.crlawcollege.com | crlawcollege5@gmail.com | crlawcollegeofficial
Helpline Number: 89508-48988, 9812126302, 9466441636, 01662-254270
Dr. Krishan Kumar Kajal
Principal
Sh. Dildar Singh Poonia
President, Jat Educational Society, Hisar